# मध्य प्रदेश (राज्य सेवा) मुख्य परीक्षा–2018

## मॉडल पेपर-1

अनुक्रमांक/Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
**Candidate Should write his/her Roll No. here.**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3
**No. of Printed Pages : 3**

कुल प्रश्नों की संख्या : 3
**Total No. of Questions : 3**

**M–2018–IV**

**सामान्य अध्ययन**
**GENERAL STUDIES**

**चतुर्थ प्रश्न-पत्र**
**Fourth Paper**

समय: 3 घंटे | पूर्णांक: 200
**Time: 3 Hours** | **Total Marks: 200**

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:**
**Instructions to the Candidates:**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 03 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   This Question Paper consists of three questions and all questions are compulsory.
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
   Marks for each question have been indicated on the right hand margin.
3. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
   There is no internal choice in Question No. 01, remaining questions carry internal choice.
4. प्रथम प्रश्न अति लघुउत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द-सीमा 150 है।
   The first question is of very short-answer type consisting of 15 compulsory questions. Each one is to be answered in one or two lines. For Question No. 02 word limit is 150 words.
5. जहाँ शब्द-सीमा दी गई है, उसका पालन करें।
   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखें।
   Question should be answered exactly in the order in which they appear in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of the other question should be inserted between them.
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी से अंग्रेज़ी रूपांतर को मानक माना जाएगा।
   In case there is any error of factual nature of printing, then out of the Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**1. निम्नलिखित प्रत्येक अति लघुउत्तरीय प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिये: 15 × 3 = 45**

(A) नैतिक तर्क को परिभाषित कीजिये।

(B) लोक प्रशासन में बौद्धिक सत्यनिष्ठा से आप क्या समझते हैं?

(C) 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(D) ऋणात्मक अभिप्रेरणा का अर्थ समझाइये।

(E) 'वेदों की ओर लौटो' किसने और क्यों कहा?

(F) महावीर स्वामी के त्रिरत्न क्या हैं?

(G) प्रबोधक क्या है?

(H) मानवता एवं मानववाद को स्पष्ट करें।

(I) महाभिनिष्क्रमण की घटना से आप क्या समझते हैं?

(J) अंतरात्मा को प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन से हैं?

(K) मनोवृत्ति की विशेषताएँ बताइये।

(L) प्लेटो के न्याय सिद्धांत को समझाइये।

(M) भ्रष्टाचार-बोध सूचकांक क्या है?

(N) राज्य सतर्कता आयोग से आप क्या समझते हैं?

(O) सत्यनिष्ठा क्या है?

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर लिखिये। प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों की सीमा में हो। 15 × 6 = 90**

(A) लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की भूमिका पर प्रकाश डालिये।

(B) लोक प्रशाासन में 'नैतिकता' की सुनिश्चितता या अनुपस्थिति को निर्धारित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिये।

(C) समाज सुधारक एवं विचारक के रूप में कबीर का मूल्यांकन कीजिये।

(D) सर्वोदय की अवधारणा और सिद्धांत को समझाइये।

(E) गांधी के पंचव्रत संबंधी विचार लिखिये।

(F) बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ बताइये।

(G) स्वामी विवेकानंद का दर्शन एवं विचार लिखिये।

(H) रवींद्रनाथ टैगोर के मानवतावाद पर टिप्पणी कीजिये।

(I) अरस्तू के मध्यम मार्ग की अवधारणा क्या है?

(J) पूर्वाग्रह के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों को समझाइये।

(K) वस्तुनिष्ठता से क्या तात्पर्य है? सिविल सेवा के लिये यह एक मूलभूत मूल्य क्यों है?

(L) समानुभूति से क्या तात्पर्य है? समानुभूति के विकास की चर्चा करें।

(M) गुरु नानक की शिक्षाएँ क्या थीं?

(N) 'विचारधारा से ही परिवर्तनवादी सामाजिक क्रांति उत्पन्न होती है।' स्पष्ट कीजिये।

(O) अभिप्रेरणा क्या है? अभिप्रेरणा के महत्त्व एवं उद्‌देश्यों की चर्चा कीजिये।

(P) भ्रष्टाचार को कम करने में परिवार और समाज का क्या योगदान हो सकता है?

(Q) भ्रष्टाचार निवारण में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिये किस प्रकार के तंत्र की आवश्यकता है? टिप्पणी कीजिये।

(R) सांवेगिक बुद्धि को परिभाषित करते हुए प्रशासनिक कार्यों में इसके प्रयोग से उभरने वाले सकारात्मक पक्षों का उल्लेख करें।

**3. पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषय-वस्तु पर आधारित प्रकरण 2 × 15 = 30**

**(A) प्रथम प्रकरण:**

**विषय: भुखमरी: कारण और निवारण**

श्रीमान 'एक्स' उपज़िलाधिकारी हैं। आपको स्थानीय अखबार से खबर मिलती है कि एक 10 साल की बच्ची भूख से मर गई। आप मामले की पड़ताल करते हैं तो संज्ञान में आता है कि राशन कार्डों को आधार कार्ड से लिंक करवाने के आदेश के

चलते मृतका के परिवार को राशन प्राप्त नहीं हो सका और 10 दिन तक भूख से लड़ते हुए उस बच्ची की मौत हो गई। आपको यह भी पता लगता है कि अंचल के कई आदिवासियों के पास आधार कार्ड न होने से उनके भूखों मरने की नौबत आ गई है।

एक प्रशासकीय अधिकारी के रूप में आपका नैतिक दायित्व क्या है? क्योंकि यह समस्या गरीबी एवं भुखमरी दोनों से जुड़ी है।

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

(a) एक अधिकारी के रूप में पीड़ित परिवार की सहायता एवं प्रशासनिक दायित्वों के बीच आप क्या निर्णय करेंगे?

(b) क्या उन्हें उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिये?

(c) क्या यह सामाजिक समस्या प्रशासनिक हस्तक्षेप के बिना समाप्त हो सकती है?

**(B) द्वितीय प्रकरण:**

**विषय: भगदड़ की समस्या: राहत एवं बचाव** **5 × 7 = 35**

श्रीमान 'एक्स' एक उच्च प्रशासनिक अधिकारी हैं। एक दिन खबर आती है कि आपके ज़िले में प्रसिद्ध मंदिर के मेले में भगदड़ मच गई है। लोग जान बचाने के लिये पास में बहती नदी में कूद गए, जिसके कारण 105 लोगों की मौत हो गई है। मेले में भारी भीड़ के चलते जान-माल का नुकसान बहुत अधिक हुआ है।

राज्य सरकार ने आपको न्यायिक जाँच का प्रमुख नियुक्त किया है, साथ ही भगदड़ को रोकने एवं इस संबंध में उपयुक्त उपाय सुझाने के लिये भी नियुक्त किया है।

उक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

(a) श्रीमान एक्स को जाँच करते हुए किन बिंदुओं को मुख्य आधार बनाना चाहिये?

(b) क्या मीडिया में आई खबरों को महत्त्व देना उचित होगा अथवा नहीं?

(c) क्या स्थानीय अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की सिफारिश की जानी चाहिये अथवा नहीं?

(d) मीडिया की इस प्रकरण में राहत एवं बचाव कार्यों में क्या भूमिका हो सकती है?

(e) भगदड़ की समस्या के समाधान, जान-माल का नुकसान रोकने या कम करने एवं राहत और पुनर्वास कार्यों में तेज़ी के लिये अभिनव उपाय सुझाइये।